उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Service Selection Commission

पत्रांक सं0...303 ।। प्रेस विज्ञप्ति ।। दिनांक / Date ...9/5/18...

एक से अधिक प्रवेश पत्र के लिए लिंक

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा दिनांक 6 मई, 2018 को कनिष्ठ सहायक एवं 4 अन्य पदों के लिए लिखित परीक्षा करायी गयी थी। इस परीक्षा में कई अभ्यर्थियों के 1 से अधिक प्रवेश पत्र जारी हुये हैं। इससे उन अभ्यर्थियों में यह आशंका बनी है कि वे एक ही प्रवेश पत्र व एक स्थान पर परीक्षा दे सके है। अतः अन्य 1, 2 या 3 पदों के लिए उनकी उपस्थिति कैसे दर्ज होगी तथा उन पदों के लिए उनका परिणाम कैसे निकाला जायेगा। इस संबंध में आयोग को भी लगातार अनुरोध प्राप्त हो रहे है। अभ्यर्थियों के लिए यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि यह परीक्षा 4 विज्ञापनों को Club करके करायी गयी है जिसमें अभ्यर्थियों द्वारा कई आवेदन किये गये हैं। विभिन्न आवेदन पत्रों में अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, एवं जन्मतिथि में किसी भी एक अक्षर या स्पेस में भी अंतर होने के कारण Software उसे एक अलग नाम के रूप में लेता है जिस कारण ऐसे त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के लिए अलग–अलग प्रवेश पत्र जारी हो जाते है। भविष्य में अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा रहेगी कि वे नाम, पिता का नाम एवं जन्मतिथि जैसी महत्वपूर्ण प्रविष्टियों में अत्यंत सावधानी पूर्वक प्रविष्टियां भरे। यह लिंक दिनांक 20 मई, 2018 तक उपलब्ध रहेगा।

इस परीक्षा के लिए इस कठिनाई को दूर करने की दृष्टि से आयोग द्वारा एक लिंक–**दिनांक 6 मई, 2018 की लिखित परीक्षा में एक से अधिक एडमिट कार्ड की एंट्री** आयोग की वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर दिया गया है। इस लिंक को अनुक्रमांक संख्या दर्ज करने से खोला जा सकता है। एक से अधिक प्रवेश पत्र प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को अपने प्रत्येक प्रवेश पत्र की जानकारी इस लिंक पर देना अनिवार्य है। अन्यथा उन्हें दूसरे या तीसरे प्रवेश पत्र के पद कोड पर अनुपस्थित घोषित किया जा सकता है।

दिनांक 13 मई, 2018 की परीक्षा के संबंध में।

आयोग द्वारा दिनांक 13 मई, 2018 को दो परीक्षायें आयोजित की जा रही है। प्रथम पाली में प्रातः 10–12 बजे के मध्य सहायक लेखाकार पद के लिए निर्धारित इस परीक्षा में 9640 अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे व यह परीक्षा देहरादून व हल्द्वानी में आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा के लिए देहरादून में 7 परीक्षा केन्द्र तथा हल्द्वानी में 6 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है।

दिनांक 13 मई, 2018 को ही सांय 2–4 बजे की पाली में वन विभाग में सर्वेयर के रिक्त पदों के लिए परीक्षा करायी जा रही है। इस परीक्षा में 1455 अभ्यर्थी भाग ले रहे है। सर्वेयर के पद की परीक्षा केवल देहरादून में आयोजित की जा रही है।

यदि किसी अभ्यर्थी को सर्वेयर व सहायक लेखाकार दोनों परीक्षाये देनी हो व सहायक लेखाकार परीक्षा के लिए उनका केन्द्र हल्द्वानी निर्धारित किया गया हो तो वे 12/5/2018 पूर्वान्ह 11 बजे तक आयोग के **E.Mail–chayanayog@gmail.com** पर अपने दोनों प्रवेश पत्रों को अपलोड कर देहरादून में परीक्षा के लिए अनुरोध पत्र दे सकते है।

एल0टी0 परीक्षा परिणाम के संबंध में।

एल0टी0 परीक्षा परिणाम के संबंध में अभ्यर्थियों द्वारा आयोग में लगातार दूरभाष पर जानकारी ली जा रही है। आयोग द्वारा इस परीक्षा का विषय वार परिणाम तैयार किया जा रहा है। इस कार्य में कुछ समय और लगेगा, मई माह में ही परिणाम जारी किया जाना संभावित है।

9/5/18
(संतोष बडोनी)
सचिव।